पंजाब केसरी 23-11-2024

जी.एम.एन. कॉलेज की एन.सी.सी. गर्ल्स विंग ने चलाया पुनीत सागर अभियान

अम्बाला, 22 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में शुक्रवार को एन.सी.सी. गर्ल्स विंग द्वारा पुनीत सागर अभियान चलाया गया। डी.जी. एन.सी.सी. के निर्देशानुसार आयोजित इस अभियान के दौरान कैडेट्स द्वारा जल संरक्षण विषय पर पोस्टर बनाए गए।

तत्पश्चात् कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के दिशा-निर्देशन में सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा सहित लगभग

पुनीत सागर अभियान में भाग लेतीं जी.एम.एन. कॉलेज की एन.सी.सी. गर्ल्स विंग की कैडेट्स।

27 कैडेट्स छावनी सरोवर पहुंचे, जहां उन्होंने प्लास्टिक की बोतल और अन्य कचरा न केवल भूमि से, अपितु सरोवर के अंदर से भी निकाला। इस पूरे कार्यक्रम की वीडियो भी बनाई गई। सड़कों पर नदियों, सरोवरों को बचाने संबंधी नारे भी लगाया गए।

इसके बाद कैडेट्स ने कॉलेज प्रांगण में मौजूद महात्मा गांधी जी की प्रतिमा को साफ करके पुष्प अर्पित किए। प्राचार्य ने सभी कैडेट्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में समाज सेवा का यह भाव देश के उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करता है।